प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक : 19 सितम्बर 2025

आरेडिका, रायबरेली में "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार" अभियान का आयोजन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली चिकित्सालय में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025 तक "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार" अभियान का आयोजन किया जा रहा है।

अभियान के तहत 17 सितम्बर को "*स्वस्थ अल्पाहार प्रतियोगिता*" आयोजित हुई, जिसका उद्घाटन महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती भारती मिश्रा के कर कमलों द्वारा हुआ। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्रीमती आभा जैन ने पौधा भेंट कर स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। गृहिणियों द्वारा प्रस्तुत कम चीनी, कम नमक एवं पौष्टिक अल्पाहार ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्रीमती मेघना के. आर., द्वितीय स्थान श्रीमती रिया चक्रवर्ती तथा तृतीय स्थान श्रीमती गरिमा श्रीवास्तव को प्राप्त हुआ। डॉ. भूमिका सिंह, आहार विशेषज्ञ, ने "संतुलित आहार" पर एक विशेष व्याख्यान दिया। उन्होंने वर्तमान समय में असंतुलित आहार से उत्पन्न होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं पर प्रकाश डाला।

18 सितम्बर को "*स्वास्थ्य परीक्षण शिविर*" का आयोजन टेंडर पाम हॉस्पिटल, लखनऊ के सहयोग से हुआ। इसमें 164 मरीजों का परीक्षण के साथ-साथ 05 पीएपी-सीमर एवं 28 बोन मिनरल डेंसिटी जांचें की गई। पीएपी-सीमर का उद्देश्य सर्वाइकल कैंसर की समय रहते पहचान करना था, जबकि बोन मिनरल डेंसिटी टेस्ट महिलाओं में हड्डियों की समस्याओं की जांच हेतु महत्वपूर्ण है।

19 सितम्बर को "*एक स्वस्थ जीवन की रीढ़*" (*स्पाइन हेल्थ*) विषय पर डॉ. अजय जवाहर (के.एन.एस. मेमोरियल हॉस्पिटल) ने व्याख्यान दिया। उन्होंने महिलाओं में रीढ़ संबंधी समस्याओं के कारण, निवारण और सही जीवनशैली के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में आयोजित *स्वास्थ्य चर्चा* में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने प्रश्नों के समाधान पाए।

महिलाओं में शारीरिक फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। अर्जुन अवार्डी एवं पद्मश्री श्रीमती सुधा सिंह ने वॉकथॉन (पैदल चाल प्रतियोगिता) का शुभारंभ किया। 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में श्रीमती मुन्नी देवा, श्रीमती भारती मिश्रा और श्रीमती बीना तिवारी विजेता रहीं, वहीं 50 वर्ष से कम आयु वर्ग में श्रीमती ललितेश, श्रीमती साधना और श्रीमती सोनी कुमारी को पुरस्कार मिले।

अभियान की सभी गतिविधियों ने महिलाओं में न केवल स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाई, बल्कि आत्मविश्वास और सहभागिता की भावना भी प्रबल की। महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती भारती मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया।

इस सफल आयोजन में आरेडिका चिकित्सालय के चिकित्सकों एवं कर्मचारियों का सक्रिय योगदान रहा। आरेडिका परिवार हमेशा की तरह उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

19/9/2025

(आर. एन. तिवारी)
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी

Scanned with OKEN Scanner